गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा

जिलाधीश कार्यालय परिसर, बाँसवाड़ा- 327001

समन्वयक, बीएसटीसी [सामान्य]/बीएसटीसी [संस्कृत]

प्रवेश पूर्व परीक्षा - 2018

अधिसूचना संख्या - 01/2018 दिनांक 06.02.2018

राजस्थान राज्य में संचालित विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं में बीएसटीसी (सामान्य)/बीएसटीसी [संस्कृत] में प्रवेश हेतु राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय शिक्षा परिषद् के नियमानुसार पात्र अभ्यर्थियों से प्रवेश पूर्व परीक्षा 2018 के लिए ऑनलाईन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं।

क्र.सं.	विवरण	महत्वपूर्ण तिथियां
1.	ऑनलाईन आवेदन पत्रों की उपलब्धता	12 फरवरी 2018 से
2.	परीक्षा शुल्क की अंतिम तिथि	10 मार्च 2018 तक
3.	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	10 मार्च 2018 तक
4.	प्रवेश परीक्षा	06 मई 2018 दोपहर 2 से 5 बजे

[A] पात्रता :

[अ] शैक्षणिक योग्यताएँ - 1. उच्च माध्यमिक परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा में न्यूनतम अंक प्रतिशत विभिन्न वर्गों के लिए निम्नानुसार होंगे।

शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	सामान्य	अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति	ओबीसी	विकलांग	विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाएं
बीएसटीसी (सामान्य) /बीएसटीसी (संस्कृत) 2018(D.El.Ed)	50%	45%	45%	45%	45%

- **वांछित न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत गणना में एक अंक भी कम स्वीकार्य नहीं होगा।**
- जो आवेदक वर्ष 2018 में उच्च माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे है, वे भी आवेदन करने हेतु पात्र होंगे परन्तु उन्हें काउन्सिलिंग के समय तक पात्रता की सभी शर्तों को पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

[ब] आयु : आवेदक की आयु 1 जुलाई 2018 को 28 वर्ष से अधिक नहीं हो। विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं तथा राजकीय शिक्षकों के लिए आयु सीमा में कोई बन्धन नहीं है। अनुसुचित जाति/अनुसुचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए राजकीय सेवा नियमों के अनुरूप आयु सीमा में छूट देय होगी।

[B] आरक्षण :- प्रवेश के लिए आरक्षण राज्य सरकार के नियमानुसार होगा।

[C] आवेदन प्रक्रिया :-

1. **आवेदन - Online Application Form विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bsteggtu2018.com** के माध्यम से लिये जायेंगे।

- अभ्यर्थी राज्य के निर्धारित ई-मित्र कियोस्क के माध्यम से फार्म भर सकते है एवं परीक्षा शुल्क जमा करवा सकते है। इस हेतु अभ्यर्थी द्वारा रुपये 26/-(आवेदन पत्र भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु) की राशि सेवा प्रदाता को सेवा शुल्क के रुप में देय होगी।
- अभ्यर्थी स्वयं के स्तर से भी आवेदन पत्र भर सकता है। परीक्षा शुल्क जमा कराने हेतु "ऑन-लाईन पेमेंट के माध्यम से **डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड अथवा नेट बैंकिंग का उपयोग कर सकेंगे"** तथा सफलता पूर्वक ऑनलाईन भुगतान के पश्चात अपने आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी प्रिंट कर सकेंगे।"
- आवेदन पत्र ऑनलाईन ही स्वीकार्य होंगे, विश्वविद्यालय को हार्ड कॉपी प्रेषित नहीं करें, किसी भी परिस्थिति में **हाथ से भरे आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**
- ऑन लाईन आवेदन पत्र सावधानी पूर्वक भर कर उसका प्रिंट लें एवं परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी अपने पास संभाल कर रखें, जिसे काउंसलिंग के समय निर्देशानुसार जमा करवाना आवश्यक होगा।

2. **आवेदन परीक्षा शुल्क :**

बीएसटीसी [सामान्य] अथवा बीएसटीसी [संस्कृत] (किसी एक पाठ्यक्रम हेतु)	-	400 रु
बीएसटीसी [सामान्य] एवं बीएसटीसी [संस्कृत] (दोनों पाठ्यक्रम हेतु)	-	450 रु

नोट :-

- आवेदक वेबसाईट पर उपलब्ध विस्तृत दिशा निर्देश सावधानी पूर्वक पढ़कर ही आवेदन करें, अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की हेल्प लाईन नम्बर पर सम्पर्क करें।
- परीक्षा सम्बन्धी आवश्यक सूचनाएँ **SMS के माध्यम से प्रेषित की जायेगी, अतः आवेदक अपना सही मोबाईल नम्बर**